# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-1104**

**दिनांक-02.07.2026**

**जोन-पश्चिमी/थाना-कैसरबाग**

➢ **कैसरबाग पुलिस द्वारा चोरी करने वाले 01 शातिर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 16.05.2026 को थाना कैसरबाग पर वादी श्री रिजवान हुसैन पुत्र जमशेद हुसैन नि0 म0नं0 392/52/क मैदान एलएच खान निकट हिजा अस्पताल सआदतगंज लखनऊ द्वारा लिखित सूचना बावत अज्ञात द्वारा मकबरा सआदत अली खां परिसर मे लगी फसाड लाइटें चोरी कर लेने के सम्बन्ध में दाखिल किया। इस सूचना के आधार पर मु0अ0सं0- 87/2026 धारा 303(2) BNS बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। अभियोग उपरोक्त की विवेचना वर्तमान में उ0नि0 चंदन कुमार मिश्रा द्वारा की जा रही है।

विवेचना के क्रम में थाना कैसरबाग पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त की घटना के अंजाम देने वाले अभियुक्त की तलाश की जा रही थी कि जरिये मुखबिर सूचना मिली कि आपके मुकदमें में चोरी की घटना के अंजाम देने वाला अभियुक्त इस समय स्वास्थ भवन चौराहे के पास स्थित ग्लोब पार्क घूम रहा है तथा फिर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है।

इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना कैसरबाग पुलिस टीम स्वास्थ भवन चौराहे के पास स्थित ग्लोब पार्क पहुँची तो मुखबिर खास ने ग्लोब पार्क के बाहर घूम रहे व्यक्ति की तरफ इशारा कर बताया कि यह वही वांछित अंशू कश्यप है जो अल्तमश व सोहेल के साथ लाईटे चोरी किया था, बताकर पीछे मुड़कर चला गया।

कैसरबाग पुलिस टीम द्वारा ग्लोब पार्क के बाहर अभियुक्त उपरोक्त को रोका टोका गया तो पुलिस टीम को देखकर अभियुक्त भागना चाहा, लेकिन घेर घारकर मौके पर ही पकड़ लिया गया पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम अंशू कश्यप पुत्र स्व0 रमन कश्यप नि0 बलवरिया कुतुबपुर मनकामेश्वर मंदिर के पीछे थाना हसनगंज जनपद लखनऊ उम्र करीब 19 वर्ष बताया। पुलिस टीम द्वारा पूछने पर अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि मैने अपने साथियों के साथ मिलकर लाईटे चोरी किया था उसमे से अपने हिस्से की लाईटे छिपाकर रखा हूँ, कहने पर बरामद करा सकता हूँ।

कैसरबाग पुलिस टीम द्वारा पकडे गये व्यक्ति के साथ उसके निशादेही पर हनुमान सेतु मन्दिर के पास पुल के नीचे पहुँचकर पत्तियो के ढेर मे छिपाकर रखी गयी पाँच फसाड लाईटे फिलिप्स कम्पनी बरामद कर लिया।

पकडे गये अभियुक्त को उनके द्वारा किए गये कृत्य अंतर्गत जुर्म धारा 303(2)/317(2) BNS से अवगत कराकर आज दिनांक 02/07/2026 समय करीब 00.35 बजे बकायदा बजाफ्ता मौके पर ही हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**02-अभियुक्त से पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त और उसके साथी गण चुपके से छिपकर रोड के किनारे लेटे हुए मजदूर/व्यक्तियो के कीमती समान व नगदी चुरा लेते है, उसी से अपनी नशाबाजी व शान व शौकत का खर्चा पूरा करते है। अभियुक्त ने पहले भी अपने साथियों के साथ मिलकर सआदत अली मकबरे के अन्दर से बडी लाईटे चोरी किए थे जिसमे से दो लोग अल्तमश व

सोहेल पहले पकडे जा चुके है। अभियुक्त उपरोक्त पकड़े जाने के डर से काफी दिनो तक इधर नही आया। काफी दिन बीत जाने के बाद अभियुक्त उपरोक्त आज पुनः चोरी जैसी घटना को अंजाम देने की फिराक में चला आया, किन्तु कैसरबाग पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए अभियुक्त को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

**03-अनावरित अभियोग का विवरण-**

1.मु0अ0सं0- 87/2026 धारा 303(2) BNS थाना कैसरबाग लखनऊ

**04-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.अंशू कश्यप पुत्र स्व0 रमन कश्यप नि0 बलवरिया कुतुबपुर मनकामेश्वर मंदिर के पीछे थाना हसनगंज लखनऊ उम्र करीब 19 वर्ष

**05-बरामदगी**

- फसाड लाईटे फिलिप्स कम्पनी – 05 अदद

**06-गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम**

1. उ0नि0 चन्दन कुमार मिश्रा
2. उ0नि0 प्रशान्त कुमार
3. का0 अनीश वर्मा

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-1100**
**दिनांक-02.07.2026**

***जोन- दक्षिणी/ थाना-पीजीआई***

- **मोबाइल फोन चोरी करने वाले 02 शातिर मोबाइल चोर/अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**
- **कब्जे से चुराये गये दोनों मोबाइल फोन बरामद।**

**01-संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 01.07.2026 को वादी मुकदमा श्री नवीन कुमार पुत्र अर्जुन राय निवासी दक्षिण पंचमुखी मंदिर अंजनी विहार, नरपतगंज मार्केट, थाना पी0जी0आई लखनऊ की तहरीरी सूचना पर मु0अ0सं0 345/2026 धारा 305(a) बीएनएस बनाम अज्ञात द्वारा दिनांक 13/06/2026 को वादी के घर से उनके दो मोबाइल चोरी कर लेने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस उपायुक्त, दक्षिणी के निर्देशन में पुलिस टीमे गठित की गयीं। जिनके द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण कर आज दिनांक 02.07.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर नरपतगंज अंडरपास के पास से दोनो अभियुक्त 01. प्रियांशु जायसवाल पुत्र प्रेमचंद नि0- सदर बाजार आशा कॉलोनी थाना कैंट लखनऊ उम्र 26 वर्ष व 02. अमन पुत्र अलानूर नि0- ग्राम शिकारपुर थाना जैतीपुर जिला शाहजहांपुर व वर्तमान पता नरपतगंज बाजार कल्ली पश्चिम थाना पीजीआई लखनऊ उम्र 23 वर्ष को चुराये गये दोनो मोबाइलो के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्याया0 के समक्ष भेजा गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढौत्तरी की गयी।

**02-गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. प्रियांशु जायसवाल पुत्र प्रेमचंद निवासी मकान सदर बाजार आशा कॉलोनी थाना कैंट लखनऊ उम्र 26 वर्ष।
2. अमन पुत्र अलानूर नि ग्राम शिकारपुर थाना जैतीपुर जिला शाहजहांपुर व वर्तमान पता नरपतगंज बाजार कल्ली पश्चिम थाना पीजीआई लखनऊ उम्र 23 वर्ष।

**03- अभियुक्त प्रियांशु जायसवाल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 200/2022 अन्तर्गत धारा 34/392/411/413 भादवि थाना वजीरगंज लखनऊ।

**04-अनावरित अभियोग का विवरण-**

01-मु0अ0सं0 345/26 धारा 305(a) /317(2) बीएनएस थाना पीजीआई लखनऊ।

**05-बरामदगी विवरण -**

- 02 अदद मोबाइल फोन ( ओप्पो कंपनी व रेडमी कम्पनी) बरामद।

**06-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

- थाना पीजीआई पुलिस टीम, कमिश्नरेट लखनऊ।

## प्रेस नोट

दिनांक-02.07.2026

**होमगार्डस एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा परिणाम के सम्बन्ध में**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा प्रचलित उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट -2025 की लिखित परीक्षा परिणाम के सम्बन्ध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभ्यर्थी हेतु घोषित डीवी/पीएसटी शॉर्टलिस्टिंग के सम्बन्ध में मूल इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज को एडिट कर भ्रामक सूचना प्रसारित करने वाले अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध थाना हुसैनगंज जनपद कमिश्नरेट लखनऊ में एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिनका विवरण निम्नवत है-

1. इंस्टाग्राम आईडी rahul_rajput_70888 (Rahul Kumar Rajput) के विरुद्ध मु0अ0सं0-100/2026 धारा- 221,292,336(2),336(3),336(4) भारतीय न्याय संहिता-2023, धारा 66D आई0 टी0 एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया।
2. इंस्टाग्राम पर आई डी amit_kushwah_thakur154 (amit kushwah) के विरुद्ध मु0अ0सं0- 101/2026 धारा- 221,292, 336(2),336(3),336(4) भारतीय न्याय संहिता-2023, धारा 66 आई0 टी0 एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया।

उल्लेखनीय है कि ऐसी भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। अभ्यर्थी ऐसे भ्रामक संदेशों से सावधान रहें।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-1101**

**दिनांक-02.07.2026**

**जोन-उत्तरी/थाना-रहीमाबाद**

- **थाना रहीमाबाद पुलिस टीम द्वारा जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने वाले अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

**01-संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 01.07.2026 को थाना स्थानीय पर बावत वादिनी व उसके परिवारीजन के साथ विपक्षीगण द्वारा गाली गलौज, लाठी डण्डो से मारपीट व जान से मारने की नीयत से गोली चलाये जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 96/2026 धारा 191(2)/191(3)/115(2)/352/351(3)/109(1) बीएनएस बनाम 01.अनिल 02.हरगोविन्द 03.बबलू 04.पन्द्रह से बीस व्यक्ति अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया।

विवेचना के क्रम में बयान पीड़ित, अवलोकन मेडिकल रिपोर्ट व घटनास्थल के निरीक्षण व वीडियो अवलोकन व अन्य सुसंगत साक्ष्यों के अवलोकन के पश्चात मुकदमा उपरोक्त में अन्य अभियुक्त 01.कुलदीप पुत्र संतोष निवासी ग्राम घोला दुलार थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ उम्र करीब 38 वर्ष 02.राम सिंह पुत्र विश्वनाथ निवासी ग्राम मोहम्मद नगर रहमतनगर थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ उम्र करीब 40 वर्ष 03.मनीष पुत्र नेकपाल निवासी ग्राम हसनापुर थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ उम्र करीब 27 वर्ष की नामजदगी प्रकाश में आयी।

बयान पीड़ित व सुसंगत साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तगण 01.कुलदीप 02.राम सिंह 03.मनीष उपरोक्त को उसके द्वारा कारित जुर्म व धारा से अवगत कराते हुए दिनांक 02.07.2026 को समय करीब 02.10 A.M. बजे थाना स्थानीय से हिरासत पुलिस में लिया गया। दौराने गिरफ्तारी/निगरानी माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों/निर्देशों का अक्षरशः पालन किया गया।

मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित घटना में प्रयुक्त 01 अदद खोखा कारतूस 32 बोर, व एक अदद होलिस्टर व मल्टी मीडिया मोबाइल फोन सैमसंग जेड फोल्ड -07 व एक अदद बलेनो कार वाहन संख्या UP32QB6446 व एक अदद महिन्द्रा थार कार वाहन संख्या UP32PP4141 रंग काला बरामद की गयी। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

**02-गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण—**

1. कुलदीप कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी ग्राम घोला दुलार थाना रहीमाबाद लखनऊ उम्र करीब 38 वर्ष
2. राम सिंह पुत्र विश्वनाथ निवासी ग्राम मोहम्मद नगर रहमतनगर थाना मलिहाबाद लखनऊ उम्र करीब 40 वर्ष
3. मनीष पुत्र नेकपाल निवासी हसनापुर थाना मलिहाबाद लखनऊ उम्र करीब 27 वर्ष

**03-बरामदगीः-**

- 01 अदद खोखा कारतूस 32 बोर
- 01 अदद होलिस्टर व मल्टी मीडिया मोबाइल फोन सैमसंग जेड फोल्ड -07
- 01 अदद बलेनो कार वाहन संख्या UP32QB6446
- 01 अदद महिन्द्रा थार कार वाहन संख्या UP32PP4141 रंग काला

**04-गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम -**

1. उ0नि0 रामसेवक राणा थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ
2. उ0नि0 उमेश यादव थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ
3. उ0नि0 करन सिंह थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ
4. आरक्षी सोबित थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ
5. आरक्षी पवन थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ
6. आरक्षी सिमित थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-1103**
**दिनांक-02.07.2026**

***जोन- दक्षिणी/ थाना-सुशान्त गोल्फ सिटी***

- **फाइबर केबल चोरी करने वाले 02 शातिर चोर/अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियक्तगणो के कब्जे से 112 MM के 612 फीट ऑप्टिकल फाइबर केबल के 12 टुकड़े (कुल वजन लगभग 3 कुंतल), 01 अदद वायर कटर बरामद व घटना में प्रयुक्त वाहन XUV 500 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किये गये ।।**
- **थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम की सफलता।**

**01-कार्यवाही विवरण:-**

पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर व संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय श्रीमती अपर्णा कुमार के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) श्री अमित कुमार आनन्द के कुशल पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) श्री रल्लापल्ली वसंथ कुमार व सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईगंज श्री ऋषभ यादव के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त निरीक्षक थाना सुशान्त गोल्फ सिटी श्री विनोद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में फाइबर केबल चोरी करने वाले 02 अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार।

**02-संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 01.07.2026 को थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम को सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति एक कार में चोरी किए हुए ऑप्टिकल फाइबर केबल के कुछ बंडल कार मे लेकर कृष्णागांव के सामने आउटर रिंग रोड नहर थानाक्षेत्र सुशान्त गोल्फ सिटी के पास खड़े है और आने जाने वाले लोगों से उस केबल को बेचने की बाते कर रहे है।

सूचना पर तत्काल थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर चोरी के केबल के साथ कार में मौजूद दोनों 1. अभियुक्त मारुफ पुत्र लल्ला निवासी- ग्राम बाबागंज थाना रूपडीह जनपद बहराइच हाल पता कांशीराम कॉलोनी लौलेही थाना चिनहट लखनऊ, उम्र -24 वर्ष व 2. शानू पुत्र नसीम निवासी- ग्राम नंदपुर डूडा कॉलोनी थाना चिनहट लखनऊ उम्र-24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सुशान्त गोल्फ सिटी मे - मु0अ0सं0- 412/2026 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्तगण के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

**03-पूछताछ विवरण एंव माड्यूस आपरेंडी-**

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तो से कडाई से पूछतांछ करने पर ज्ञात हुआ कि 1-2 दिन पहले यह केबल हम दोनों ने एमिटी कॉलेज चिनहट लखनऊ के पास से चुराया था। जिसको हम दोनों बेचने जा रहे थे कि आप लोगो द्वारा हमे पकड़ लिया गया। मौके पर आप्टीकल केबल को फीता से नापा गया जो करीब 612 फीट है जिसका कुल वजन लगभग 3 कुण्टल है। जिसे अभियुक्त उपरोक्त औने- पौने दाम में बेच कर अपना आर्थिक लाभ लेते थे।

## 04-गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. मारूफ पुत्र लल्ला नि0-ग्राम बाबागंज थाना रूपडीह जनपद बहराइच हाल पता कांशीराम कॉलोनी लौलेही थाना चिनहट लखनऊ उम्र-24 वर्ष।
2. शानू पुत्र नसीम नि0-नंदपुर गाव डूडा कॉलोनी थाना चिनहट लखनऊ उम्र-24 वर्ष।

## 05-अनावरित अभियोग का विवरण-

01-मु0अ0सं0- 412/2026 धारा 317(2) बीएनएस थाना सुशान्त गोल्फ सिटी कमिश्नरेट लखनऊ।

## 06-व्यवसाय-

- अभियुक्त मारुफ द्वारा कार ड्राइवर का काम किया जाता है।
- अभियुक्त शानू द्वारा आटो ड्राइबर का काम किया जाता है।

## 07-बरामदगी-

- 112 MM की 612 फीट लम्बी ऑप्टिकल फाइबर केबल के 12 टुकड़े (कुल वजन लगभग 3 कुंतल)
- एक अदद वायर कटर।
- 01 अदद चार पहिया वाहन XUV 500

## 08-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

- थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम, कमिश्नरेट लखनऊ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-1099**
**दिनांक-02.07.2026**

## अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर का पर्दाफाश, 119 साइबर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

- **कमिश्नरेट लखनऊ पुलिस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संचालित साइबर ठगी करने वाले संगठित गिरोह का सफल अनावरण।**
- **119 अभियुक्त गिरफ्तार, साइबर अपराध में प्रयुक्त 103 लैपटॉप, 177 कॉलिंग मोबाइल फोन, अन्य डिजिटल उपकरण, महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद।**
- **विदेशी नागरिकों, विशेषकर संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) के नागरिकों को प्रतिष्ठित कंपनियों एवं सरकारी एजेंसियों के नाम पर बनाया जाता था ठगी का शिकार।**
- **Gift Card, Cryptocurrency एवं इंटरनेट आधारित कॉलिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाती थी साइबर धोखाधड़ी।**
- **ऑपरेशन मैनेजर ललित खैराजानी एवं विक्रम सिंह परमार आदि को किया गया गिरफ्तार।**
- **समिट बिल्डिंग के 11वें तल पर संचालित फर्जी अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर का पुलिस ने किया खुलासा।**
- **कमिश्नरेट लखनऊ की साइबर सेल एवं साइबर थाना की संयुक्त टीम की सुनियोजित कार्यवाही, नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी।**

### 01-कार्यवाही–

**साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान** के क्रम में **पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ श्री अमरेंद्र कुमार सेंगर** के निर्देशन, **संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) श्रीमती अपर्णा कुमार** के पर्यवेक्षण तथा **पुलिस उपायुक्त अपराध श्री अनिल कुमार यादव** के मार्गदर्शन एवं **अपर पुलिस उपायुक्त, अपराध श्रीमती किरन यादव (IPS)** के नेतृत्व में **सहायक पुलिस आयुक्त साइबर एवं प्रभारी साइबर क्राइम सेल** के संयुक्त पर्यवेक्षण में **साइबर क्राइम सेल एवं थाना साइबर क्राइम पुलिस** द्वारा **दिनांक 01.07.2026** को **विभूतिखण्ड स्थित समिट बिल्डिंग** में संचालित एक **संगठित अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर** का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया गया।

दिनांक 01.07.2026 को, साइबर क्राइम सेल व थाना साइबर क्राइम पुलिस के द्वारा विभूतिखण्ड क्षेत्र स्थित समिट बिल्डिंग में संचालित एक संगठित अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर का सफलतापूर्वक भण्डाफोड़ किया गया। इस कार्यवाही में ऐसे संगठित साइबर गिरोह का खुलासा हुआ है, जो तकनीकी संसाधनों एवं इंटरनेट आधारित कॉलिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग कर विदेशी नागरिकों, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) के नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी कर रहा था। कार्यवाही के दौराना **कुल 119 अभियुक्तों को गिरफ्तार** किया गया तथा साइबर अपराध में प्रयुक्त **लैपटॉप, कॉलिंग मोबाइल फोन, इंटरनेट आधारित कॉलिंग सिस्टम, डिजिटल डाटा, फर्जी दस्तावेज एवं अन्य महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** बरामद किए गए।

### 02-अपराध का संक्षिप्त विवरण

साइबर क्राइम सेल व थाना साइबर क्राइम पुलिस के द्वारा विभूतिखण्ड क्षेत्र स्थित समिट बिल्डिंग में संचालित एक संगठित अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया। जो तकनीकी संसाधनों एवं इंटरनेट आधारित कॉलिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग कर विदेशी नागरिकों, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) के नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी कर रहा था। **कार्यवाही के दौरान कुल 119 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया** गया तथा साइबर अपराध में प्रयुक्त बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए।

**जिसके क्रम में थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट लखनऊ में मु0अ0सं0 78/2026 धारा 3(5)/61(2)/318(4)/319(2)/336(3)/337/338/340(2) बीएनएस व 66सी, 66डी आईटी एक्ट, धारा 42 टेलीकॉम एक्ट-2023 पंजीकृत हुआ है।**

## 03-पूछताछ के दौरान बताया गया साइबर ठगी का तरीका (Modus Operandi)-

प्रारंभिक विवेचना एवं पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि यह गिरोह अत्यंत **सुनियोजित, तकनीकी रूप से सक्षम एवं संगठित तरीके** से संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) के नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर ठगी करता था।

अभियुक्त **VoIP Calling System, Eyebeam Dialer, इंटरनेट आधारित कॉलिंग सॉफ्टवेयर एवं अन्य आधुनिक डिजिटल तकनीकों** का उपयोग कर अमेरिकी नागरिकों से संपर्क स्थापित करते थे। गिरोह के सदस्य स्वयं को **Amazon, Microsoft, Apple, PayPal, Netflix एवं Facebook** जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों का अधिकृत प्रतिनिधि अथवा कस्टमर सपोर्ट अधिकारी बताकर पीड़ितों को यह विश्वास दिलाते थे कि उनके बैंक खाते, डिजिटल वॉलेट अथवा व्यक्तिगत पहचान (Identity) से संबंधित गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। जिसके कारण उनके विरुद्ध वित्तीय अथवा कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

जब पीड़ित भयभीत हो जाता था, तब कॉल को अगले स्तर पर स्थानांतरित कर स्वयं को **Federal Trade Commission (FTC), Federal Bureau of Investigation (FBI), US Marshal Service, United States Treasury Department एवं United States District Court** का अधिकारी बताकर उस पर कानूनी कार्यवाही एवं गिरफ्तारी का भय उत्पन्न किया जाता था। पीड़ित को विश्वास में लेने के लिए अभियुक्तों द्वारा **Court Order, Identity Theft Report, FTC Letter, Investigation Report एवं Non-Disclosure Agreement (NDA)** जैसे फर्जी सरकारी दस्तावेज ई-मेल के माध्यम से भेजे जाते थे, जिनका स्वरूप वास्तविक सरकारी अभिलेखों जैसा तैयार किया जाता था। जिससे पीड़ित झांसे में आ जाते थे।

## 04-कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली

जांच में यह भी सामने आया कि पूरा कॉल सेंटर **कॉर्पोरेट संरचना** की भांति संचालित किया जा रहा था, जिसमें प्रत्येक कर्मचारी की अलग-अलग भूमिका निर्धारित थी।

**प्रथम चरण-प्रलोभन (Baiting)**-पीड़ितों को फर्जी टेक्स्ट संदेश भेजकर बताया जाता था कि उनके **Amazon, Apple अथवा Samsung** खाते का उपयोग **बाल यौन शोषण सामग्री, मादक पदार्थ तस्करी अथवा आतंकी गतिविधियों** में किया गया है। संदेश में दिए गए टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर अपनी **'बेगुनाही साबित'** करने के लिए कहा जाता था।

**द्वितीय चरण(Dialer Team)**-टोल-फ्री नंबर पर कॉल आने पर Dialer Team पीड़ित से प्रारंभिक बातचीत कर उसका विश्वास जीतती थी तथा झूठ बताया जाता था कि उसके नाम पर कई बैंक खाते आपराधिक गतिविधियों में प्रयुक्त हुए हैं।

**तृतीय चरण –(Banker Team)**-इसके बाद कॉल **Banker Team** को ट्रांसफर की जाती थी, जहां पीड़ित से उसके बैंक खाते, उपलब्ध धनराशि, कार्ड एवं अन्य वित्तीय विवरण प्राप्त किए जाते थे। उसे बताया जाता था कि जांच पूर्ण होने तक उसके **Social Security Number (SSN)** एवं बैंक खाते फ्रीज कर दिए जाएंगे तथा धनराशि सुरक्षित रखने के लिए उसे Gift Card अथवा Cryptocurrency या नकदी में परिवर्तित करना आवश्यक है।

**चतुर्थ चरण – (Closer Team)**-अंतिम चरण में कॉल **Closer Team** को स्थानांतरित की जाती थी। टीम के सदस्य स्वयं को **FTC अथवा अन्य अमेरिकी सरकारी एजेंसियों का वरिष्ठ अधिकारी** बताकर पीड़ित पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाते थे-

**(क)** गिफ्ट कार्ड (अमेज़न, सेफोरा, वॉलमार्ट आदि) का नंबर एवं पिन प्राप्त कर,

(ख) क्यूआर कोड के माध्यम से क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में स्थानांतरण करवाकर,

(ग) अमेरिका में दिए गए पते पर पार्सल भिजवाकर अथवा प्रत्यक्ष रूप से नकदी/सोने का पिकअप करवाकर।

## 05-गिरोह द्वारा अपनाई गई भर्ती एवं प्रचार पद्धति

विवेचना में यह तथ्य भी सामने आया कि गिरोह विभिन्न राज्यों से ऐसे कर्मचारियों की भर्ती करता था जिन्हें **BPO अथवा International Calling Process** का अनुभव था। कर्मचारियों के रहने की व्यवस्था फर्जी कंपनी **Solaris Solutions** द्वारा कराई जाती थी, जबकि किसी भी कर्मचारी को औपचारिक नियुक्ति पत्र, अनुबंध अथवा वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाते थे।

## 06-अवैध धनराशि का लेन-देन

गिरोह पीड़ितों से प्राप्त धनराशि को सीधे बैंक खातों में प्राप्त न कर **Gift Card, Digital Voucher एवं Cryptocurrency** के माध्यम से प्राप्त करता था। ऐसा करने का उद्देश्य धन के वास्तविक स्रोत एवं अंतिम लाभार्थी को छिपाना तथा जांच एजेंसियों के लिए वित्तीय ट्रेल को जटिल बनाना था। प्रारंभिक जांच से संकेत प्राप्त हुए हैं कि अवैध धनराशि को विभिन्न डिजिटल माध्यमों से स्थानांतरित कर आगे उपयोग किया जाता था।

## 07-प्राप्त डिजिटल साक्ष्य

कार्रवाई के दौरान बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की प्रारंभिक जांच में इंटरनेट आधारित कॉलिंग सॉफ्टवेयर, **Eyebeam Dialer (भारत में प्रतिबन्धित)**, कॉलिंग स्क्रिप्ट, विदेशी नागरिकों का डेटा, ई-मेल टेम्पलेट, फर्जी सरकारी दस्तावेज, नकली कोर्ट ऑर्डर, **Identity Theft Report, FTC Letter, Non-Disclosure Agreement** तथा साइबर अपराध से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण डिजिटल सामग्री प्राप्त हुई। प्राप्त डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर इस संगठित साइबर नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों, तकनीकी सहयोगियों, वित्तीय लेन-देन, सर्वर, ई-मेल खातों एवं अन्य डिजिटल माध्यमों की विस्तृत जांच की जा रही है, जिससे पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

## 08-अनावरण किये गये अभियोग का विवरण-

1- मु0अ0सं0 78/2026 धारा 3(5),61(2),318(4),319(2)/336(3),337,338,340(2) बीएनएस व 66सी, 66डी आईटी एक्ट, धारा 42 टेलीकॉम एक्ट-2023 थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट लखनऊ

## 09-बरामदगी का विवरण-

| | |
|---|---|
| ➢ 103 अदद लैपटॉप | ➢ 68 अदद कॉलिंग हेतु प्रयुक्त Apple iPhone |
| ➢ 99 अदद कम्प्यूटर माउस | ➢ 109 अदद व्यक्तिगत मोबाइल फोन |
| ➢ 116 अदद हेडफोन | ➢ 01 अदद बायोमेट्रिक मशीन |
| ➢ 111 अदद लैपटॉप चार्जर | ➢ 08 अदद वाई-फाई/इंटरनेट राउटर |

## 10-गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान कुल 119 व्यक्तियों को विधिक प्रक्रिया के अनुसार गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में सभी व्यक्तियों की भूमिका साइबर कॉल सेंटर के संचालन, विदेशी नागरिकों से संपर्क स्थापित करने, फर्जी दस्तावेजों के उपयोग तथा साइबर धोखाधड़ी से संबंधित गतिविधियों में पाई गई।

01. ललित खैराजानी पुत्र अशोक कुमार नारायणदास खैराजानी निवासी बी7 चिन्तन फ्लैट नैननगर सैजपुर बोगा थाना नरोडा जनपद अहमदाबाद गुजरात हालपता- बी-1/003 सरस्वती अपार्टमेन्ट गोमतीनगर एक्टेशन, थाना गोमतीनगर एक्टेशन लखनऊ उम्र 41 वर्ष (बीकॉम)

02. विक्रम सिंह परमार पुत्र मानसिंह जी परमार हाल पता-सतलज अपार्टमेंट गोमतीनगर विस्तार निवासी-b 103 स्थापत्य रेजिडेंसी नि नरोडा रोड निकुल अहमदाबाद गुजरात उम्र -39 वर्ष

03.दीपक मिश्रा पुत्र कृपाशंकर मिश्रा निवासी बी-विंग 111 बलदेव अपार्टमेन्ट साईंनगर वसई वेस्ट, थाना वसई, जनपद पालघर महाराष्ट्र हालपता-फ्लैट 801 सतलुज अपार्टमेण्ट, गोमतीनगर एक्सटेशन थाना लखनऊ 3 (12th) उम्र 28 वर्ष

04.देवानन्द दुबे (डुनडुन) पुत्र मुकेश दुबे निवासी ए-विंग 101 हर्ष सिद्धी अपार्टमेन्ट गोकुल आँगन कृष्णा टाउनसिप थाना मानिकपुर वसई वेस्ट जनपद पालघर महाराष्ट्र हालपता-फ्लैट 801 सतलुज अपार्टमेण्ट, गोमतीनगर एक्सटेशन थाना लखनऊ उम्र 25 वर्ष (12th)

05. साहिल अजय गिरी पुत्र अजय गिरी निवासी मानिकपुर मैनेजिसबाड़ी अपोजिट हनुमान मन्दिर थाना मानिकपुर वसई वेस्ट जनपद पालघर महाराष्ट्र हालपता-फ्लैट 801 सतलुज अपार्टमेण्ट, गोमतीनगर एक्सटेशन लखनऊ उम्र 28 वर्ष (12th)

06. नवीन कुमार पुत्र राजेश्वर प्रसाद राजेश निवासी गली नं0 4 सुभाषनगर थाना बड़ाबाजार जनपद राँची हालपता – फ्लैट नं0 2004 ओमेक्स पैलेस अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 24 वर्ष (एल.एल.बी),

07. गोस्वामी हेतभारथी पुत्र राजेश भाई निवासी ग्राम परौड़ी तहसील गारियाधार जनपद भावनगर गुजरात ह हालपता-फ्लैट 1004 के ब्लाक राप्ती अपार्टमेण्ट, गोमतीनगर एक्सटेशन लखनऊ उम्र 24 वर्ष (10th),

08. जेवियर पुत्र पीटर निवासी बी-12 अपोजिट अमरुथ हाईस्कूल आर्मी कैण्ट, थाना साईंबाग जनपद अहमदाबाद गुजरात हालपता-फ्लैट नं0 2004 ओमेक्स अपार्टमेण्ट सी-टावर विभूतिखण्ड लखनऊ (12th) उम्र 27 वर्ष

09. सोनू कुमार सिंह पुत्र स्व0 जितेन्द्र सिंह निवासी म0नं0 ए-34 सुरेश कालोनी हजारीबाग थाना सदर जनपद हजारीबाग झारखण्ड हालपता-फ्लैट नं0 004 जे-व्लॉक रोहतास अपार्टमेण्ट विभूतिखण्ड लखनऊ उम्र 25 वर्ष (11th),

10. हर्ष शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी म0नं0 141 आनन्दनगर कुचामन सिटी हाउस नम्बर 141 मकराना जनपद नागौर राजस्थान हालपता- फ्लैट 1004 सतलुज अपार्टमेण्ट, गोमतीनगर एक्सटेशन लखनऊ उम्र 27 वर्ष (स्नातक -बीएससी)

11.सिद्धार्थ ठाकुर पुत्र मिस्टर राजपाल नि0 म0नं0192 मोहल्ला मायाकुण्ड थाना ऋषिकेश जनपद देहरादून ऋषिकेश हालपता- सेक्टर 4 फ्लैट 801 सतलुज अपार्टमेण्ट, गोमतीनगर एक्सटेशन लखनऊ उम्र 28 वर्ष (बीबीए)

12. ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र स्व0 अरुण गुप्ता निवासी ग्राम जयगाँव कालछनी व्लाक, थाना जयगाँव जनपद अलीपुरद्वार हालपता- 4 ए/ रघुनाथनगर खरगापुर गोमतीनगर लखनऊ उम्र 24 वर्ष (12th)

13. ध्रुव प्रजापति पुत्र मनीष प्रजापति निवासी मनं0 6 वर्षा सोसाइटी मोहल्ला हासोल थाना सरदारनगर पोलिस स्टेशन जनपद अहमदाबाद हालपता- सी-व्लॉक ओमेक्स पैलेस, अर्जुनगंज थाना सु0गो0सि0 लखनऊ उम्र 22 वर्ष (बैचलर)

14. Yanshumthung yanthan S/O Richard R/O Wokha Police Station Wokha District Wokha Nagaland Age -29 y, Present Address Flat 2004 C- Tower Omaxe Palace, Arjunganj Ps Sushant Golf City Lucknow (Plastic Enginering)

15. अभिषेक मौर्या पुत्र उमेश मौर्या निवासी म0नं0 सी-11 विनय खण्ड-1 पत्रकारपुरम थाना गोमतीनगर लखनऊ मूल निवासी माड़वानगर निकट परम्परा डेरी थाना माड़वानगर जनपद बस्ती उम्र 30 वर्ष (बीकॉम)

16. अभिषेक संजय सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी म0नं0 ए-102 साईविकास अपार्टमेंट साईंबाबा नगर, थाना कनकिया जनपद थाणे महाराष्ट्र हालपता- ईलेविन बीएचके, फस्ट फ्लोर, विपुलखण्ड, गोमतीनगर लखनऊ उम्र 26 वर्ष (12th)

17. सूरज एश पुत्र बिभास एश निवासी म0नं0 401 बिल्डिंग नम्बर-1 शान्ति पार्क थाना थाणे ईस्ट जनपद थाणे महाराष्ट्र हालपता- ईलेविन बीएचके, फस्ट फ्लोर, विपुलखण्ड, दयाल पैराडाइज गोमतीनगर लखनऊ उम्र 26 वर्ष (12th)

18. अंश श्रीवास्तव पुत्र संजय श्रीवास्तव निवासी म0नं0 181 गोविन्दनगर ईस्ट थाना ब्रह्मपुरी जनपद जयपुर राजस्थान हालपता फ्लैट 1004 के0 व्लॉक राप्ती अपार्टमेन्ट सेक्टर-4 गोमतीनगर विस्तार लखनऊ (10th)

19. आशू पमार पुत्र पूरम सिंह पमार निवासी ग्राम सांगानेर पोस्ट सांगानेर पोलिस स्टेशन मालपुरा गेट जनपद जयपुर राजस्थान उम्र 20 वर्ष (बीबीए) हालपता- 1/42 विवेकखण्ड गोमतीनगर थाना गोमतीनगर लखनऊ

20. प्रभात थापा पुत्र प्रीतम थापा निवासी सेक्टर ई नाहर लग्न वापुनपारे अरूणांचल प्रदेश हालपता- फ्लैट नं0 103 सी-व्लॉक ओमेक्स पैलेस, लखनऊ उम्र 26 वर्ष (12th)

21.Tidailung S/O Gaichangsui R/O Utopia Bard Number 6 Tamenglong Police Station Tamenglong District Tamenglong Manipur Present Address Flat 2004 C- Tower Omaxe Palace, Arjunganj Ps Sushant Golf City Lucknow Age 27 Year (BSc Botony)

22. मुकेश शुक्ला पुत्र सुभाषचन्द्र शुक्ला निवासी म0नं0 0176 मोहल्ला महादेवपुरम थाना कुड़ाघाट जनपद गोरखपुर हालपता-फ्लैट 1004 के0 व्लॉक राप्ती अपार्टमेन्ट सेक्टर-4 गोमतीनगर विस्तार लखनऊ उम्र 34 वर्ष (बीटेक)

23.मेहुल जांगिड़ पुत्र स्व0 तुलसीराम जांगिड़ निवासी प्लॉट नं0 9 वैश्नवी कालोनी सागानेर जनपद जयपुर राजस्थान हालपता- फ्लैट नं0 103 सी-व्लॉक ओमेक्स पैलेस, लखनऊ उम्र 23 वर्ष (बीए)

24. अश्विन परमार पुत्र बीराजी भाई परमार निवासी ग्राम राणपर पोस्ट नाडाला थाना बाबरा जनपद अमरेली गुजरात हालपता- हालपता – फ्लैट 801 सतलुज अपार्टमेण्ट, गोमतीनगर एक्सटेशन थाना लखनऊ उम्र 35 वर्ष (आठवीं)

25. अंकुश सरकार पुत्र नित्या सरकार निवासी ग्राम जयगावं पोस्ट जयगाँव थाना जयगाँव जनपद अलीपुर द्वारा पं0 बंगाल हालपता- ए-4 रघुनाथनगर गोमतीनगर लखनऊ उम्र 25 वर्ष (बीकॉम आनर्स)

26. ज्वाय कुमार द्वीप पुत्र नितेश रंजन दास निवासी म0नं0 173 Nongmysong Lumshiyap Police Station Nongmysong District East Khasi Hils Meghalay Present Address – Flat 1301 10th Tower Omaxe Apartment, Lucknow उम्र 30 वर्ष (12th)

27. आशुतोष पृथ्वीराज निषाद पुत्र पृथ्वीराज निषाद निवासी बी-विंग 102 अम्बर हाइट्स अम्बरनाथ इस्ट, थाना अम्बरनाथ जनपद थाणे महाराष्ट्र हालपता- फ्लैट 303 एच-व्लॉक राप्ती अपार्टमेन्ट सेक्टर-4 गोमतीनगर विस्तार, उम्र 25 वर्ष (बीकॉम)

28. दिवेश अंकारे पुत्र रविन्द्र अंकारे निवासी चौल गणेशमण्डल सावरपाड़ा दहिसर ईस्ट मुम्बई-68 थाना दहिसर महारा मुम्बई हालपता- इलेविन बीएचके, दयाल पैराडाइज, गोमतीनगर लखनऊ उम्र 25 वर्ष ($12^{th}$ और साउन्ड इंजीनियरिंग)

29.ओम नागवेकर पुत्र महेश नागवेकर निवासी म0नं0104 एरिका हाइट्स राजनपाड़ा माइन्ड स्पेस मलाड़ बैस्ट, जनपद मुम्बई सबरबन, मुम्बई हालपता- इलेविन बीएचके, दयाल पैराडाइज, गोमतीनगर लखनऊ उम्र 24 वर्ष (इण्टरमीडिएट)

30. बृह्मा खैरात पुत्र रवि खैरात निवासी- बी-4, 403 रामकुटीर बिल्डिंग मीरा रोड ईस्ट मुम्बई महाराष्ट्र हालपता-इलेविन बीएचके, दयाल पैराडाइज, विपुलखण्ड गोमतीनगर लखनऊ उम्र 29 वर्ष (12th)

31.वसीम शेख पुत्र मो0 युसुफ निवासी- तिनकुटिया थाना मिठ्ठनपुरा मुजफ्फरपुर बिहार हालपता-मोहल्ला परागी मन्दिर फैजुल्लागंज थाना मडियाँव लखनऊ उम्र 28 वर्ष (10th)

32. अरमान पुत्र रईस निवासी- 536क/ 395 न्यूमक्कागंज खदरा थाना मदेयगंज लखनऊ उम्र 20 वर्ष (10th)

33. सुहैल सिद्दीकी पुत्र जियाउल हक निवासी- ए-63 आजाद मोहल्ला शान्तिनगर एन्टोफिल बड़ाला मुम्बई महाराष्ट्र हालपता- प्रथम फ्लोर 5/178 विपुलखण्ड-5 गोमतीनगर लखनऊ उम्र 25 वर्ष (12th)

34. नीलेश मौर्य पुत्र बंशीलाल मौर्य निवासी- 918 बिल्डिग नं0 01 दोस्ती इम्पीरियर मानपाड़ा ठाणे महाराष्ट्र हालपता- तमाशा इन होटल विक्रान्तखण्ड निकट अवध बस डिपो लखनऊ उम्र 31 वर्ष (12th)

35. आसिफ पुत्र मुमताज नुम्ब्री निवासी-जोख्लाबंदा सिकोनी बरौली गोलाघाट असम हालपता- प्रथम फ्लोर 5/178 विपुलखण्ड-5 गोमतीनगर लखनऊ उम्र 24 वर्ष (12th)

36. शिवम कुमार यादव पुत्र लवप्रसाद यादव निवासी- बरसपुर कुडवार जनपद सुल्तानपुर हालपता-इलेविन बीएचके, दयाल पैराडाइज, विपुलखण्ड गोमतीनगर लखनऊ उम्र 26 वर्ष (डिप्लोमा प्रिन्टिंग प्रेस)

37. अभिषेक कुरीक पुत्र जान्टि कुरीक निवासी- पुलिसबजार नार्थमाई जनपद सिलोंग असम हालपता- ओमेक्स रेजीडेन्सी-2 टॉवर-ए फ्लैट नं0 8009 हजरतगंज लखनऊ उम्र 24 वर्ष (12th)

38. हितेश चौधरी पुत्र अशोक कुमार निवासी-104 दीपेननगर वस्तराल्य अहमदाबाद गुजरात हालपता- ओमेक्स- आर2 फ्लैट नं0 1601 अर्जुनगंज लखनऊ उम्र 35 वर्ष (12th)

39. पवन कुमार यादव पुत्र रामचरन यादव निवासी- आरसी 805 न्यू अजन्ता पार्क खोण्डा कालोनी गाजियाबाद हालपता– इलेविन बीएचके, दयाल पैराडाइज, विपुलखण्ड गोमतीनगर लखनऊ उम्र 30 वर्ष(12th),

40. फिलिक्स उत्वल पुत्र जान सबेस्टिन निवासी- ए 202 रोशनी अपार्टमेन्ट अग्रवाल ओस्वाल नियर फायर ब्रिगेड नाला सुपारा ईस्ट मुम्बई महाराष्ट्र हालपता- प्रथम फ्लोर 5/178 विपुलखण्ड-5 गोमतीनगर लखनऊ उम्र 36 वर्ष (12th)

41. शैलेन्द्र सिंह उर्फ रिन्कू सिंह ठाकुर पुत्र राजेश सिह ठाकुर निवासी- सी-36 सिल्वर कालोनी न्यू मडिनगर अहमादाबाद गुजरात हालपता- ओमेक्स- आर2 फ्लैट नं0 1601 अर्जुनगंज लखनऊ उम्र 35 वर्ष (12th)

42. नितम पाल पुत्र निवारन पाल निवासी- डिब्रूगढ़ नयागांव असाम हालपता- ओमेक्स रेजीडेन्सी-2 टॉवर-ए फ्लैट नं0 8009 हजरतगंज लखनऊ उम्र 22 वर्ष (12th)

43. जगत पंचकोटि पुत्र धनबहादुर पंचकोटि निवासी- हाथीगांव गणेशगुणी गुवाहटी असम हालपता- म0नं0 विराजखण्ड-5 गोमतीनगर लखनऊ उम्र 25 वर्ष (12th)

44. उज्जवल शोकफो पुत्र अनूप राय निवासी- बड़ा बाजार थनकिटी मेघालय असाम हालपता- मं0नं0 डी14 अमरशहीद पथ अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 21 वर्ष(12th)
45. गौरव सुनार पुत्र स्व0 अमर बहादुर निवासी- चांदमारी कैलाशपुर गुवहाटी असम हालपता- मं0नं0 डी14 अमरशहीद पथ अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 23 वर्ष (बी0काम0)
46. ऋषिकेश सुनार पुत्र कुमार सुनार निवासी-वी0के0 कालोनी बड़ा बाजार, ईस्ट खांसी हिल्स मेघालय हालपता- ओमेक्स रेजीडेन्सी-2 टॉवर-ए फ्लैट नं0 8009 हजरतगंज लखनऊ उम्र 22 वर्ष (12th)
47. राजवीर सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी- 502 उमकरई, ईस्ट खांसी हिल्स मेघालय हालपता- मं0नं0 डी14 अमरशहीद पथ अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 26 वर्ष (12th)
48.डेनियल प्रियाटो पुत्र राबर्ट थान्गनी निवासी- चांदमारी कैलाशपुर गुवहाटी असम हालपता- मं0नं0 डी14 अमरशहीद पथ अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 20 वर्ष (12th)
49.Frevind s sangma S/O L.N Mark R/O Nongpoh Near White Hall, East Khasi Meghalay Present Address- 307 Vipul Khand Dayal Paradise infront of ICICI Bank, Gomtinagar Lucknow उम्र 25 वर्ष
50.हिमान्शु पुत्र प्रताप सिंह मेहरा निवासी- स्ट्रीट नं0 5, राजापुरी उत्तमनगर दिल्ली हालपता- फ्लैट नं0504 युमना अपार्टमेन्ट गोमतीनगर लखनऊ उम्र 23 वर्ष (12th)
51.रितिक बिष्ट पुत्र हरीश सिंह निवासी- रूद्र ग्रीन्स फेस-02, जयनगर, रूद्रपुर उत्तराखण्ड हालपता- फ्लैट नं0 103 सी-व्लॉक ओमेक्स पैलेस, लखनऊ उम्र 24 वर्ष (12th)
52.अमित घोस पुत्र अनिल घोष निवासी- पुलिस बाजार असम राइफल्स आउट पोस्ट वेस्ट खांसी हिल्स मेघालय हालपता- मं0नं0 डी14 अमरशहीद पथ अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 21 वर्ष (12th)
53. रौनकदीप शोफो पुत्र राजूदीप शोफो निवासी- पुलिस बाजार असम राइफल्स आउट पोस्ट वेस्ट खांसी हिल्स मेघालय हालपता- मं0नं0 डी14 अमरशहीद पथ अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 31 वर्ष (12th)
54.रैमी पुत्र टेगौर निवासी- पुलिस बाजार असम राइफल्स आउट पोस्ट वेस्ट खांसी हिल्स मेघालय हालपता-फ्लैट नं0 एल-504 व्लॉक एल जमुना अपार्टमेन्ट गोमतीनगर लखनऊ उम्र 26 वर्ष (12th)
55.संजीव दीप पुत्र जायदेव निवासी- मोलाई लुम्डिंग झील वेस्ट खांसी हिल्स मेघालय हालपता- मं0नं0 डी14 अमरशहीद पथ अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 29 वर्ष (12th)
56.ओमयो पाल पुत्र अमर पाल निवासी- बोस्सिटो चाराली गुवाहटी असम हालपता- मं0नं0 डी14 अमरशहीद पथ अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 20 वर्ष (10th)
57.रोहन छत्री पुत्र सेतु छत्री निवासी- प्रधाननगर दार्जलिंग मोड़ सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल हालपता- ओमेक्स- आर2 फ्लैट नं0 1601 अर्जुनगंज लखनऊ उम्र 31 वर्ष (12th)
58.शिवम निषाद पुत्र पृथ्वीराज निषाद निवासी- अम्बरनाथ ईस्ट ग्रीन सिटी अमर हाईट्स बी विंग 102 ठाणे महाराष्ट्र हालपता- फ्लैट 303 एच-व्लॉक राप्ती अपार्टमेन्ट सेक्टर-4 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ उम्र 21 वर्ष(12th)
59.अमृत कुमार दास पुत्र नितेश रंजन दास निवासी- 173 लुम्सिया नंगमिनसंग ईस्ट खांसी हिल्स सिलांग मेघालय हालपता- फ्लैट नं0 1301 टॉवर 10 ओमेक्स अपार्टमेन्ट थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 35 वर्ष (10th)
60. रितेश छत्री पुत्र सेतु छत्री निवासी- पंथरवा ब्लाक-02 मेघालय हालपता- ओमेक्स- आर 2 फ्लैट नं0 1601 अर्जुनगंज लखनऊ उम्र 26 वर्ष (12th)
61.राजपूत गौरव पुत्र धर्म सिंह निवासी- सी54 ईश्वरबाग टेरामाइन्ट अहमदाबाद गुजरात हालपता- 1/42 विवेकखण्ड गोमतीनगर थाना गोमतीनगर लखनऊ उम्र 25 वर्ष (12th)
62.अमित कुमार पुत्र जयप्रकाश सिंह निवासी- आदित्यपुर 02 जमशेदपुर सराएकेला खडस्वा झारखण्ड हालपता- फ्लैट 004 जे0व्लॉक रोहतास प्लमेरिया विभूतिखण्ड लखनऊ उम्र 26 वर्ष (10th)
63.Solomon remeh S/o Pani R/o viewland colony Senapati Manipur हालपता- फ्लैट नं0 004 जे-व्लॉक रोहतास अपार्टमेण्ट विभूतिखण्ड लखनऊ Age 29 yrs(12th)

64.शुभमदास पुत्र सुब्रतदास निवासी- मं0नं0 301 नंगमिनसंग ईस्ट खांसी हिल्स सिलांग मेघालय हालपता- फ्लैट नं0 1301 टॉवर 10 ओमेक्स अपार्टमेन्ट थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 33 वर्ष (12th)

65.नीरज कुमार पुत्र मदनलाल निवासी- मं0नं0 05 बुध्दबिहार कालोनी चन्दनवन फेस 02, मथुरा हालपता- फ्लैट 103सी ओमेक्स पैलेस, गोमतीनगर विस्तार लखनऊ उम्र 26 वर्ष (12th)

66.यश रासम पुत्र सुनील निवासी- साहरगांव रोड नं0 01 चर्च पकाडी विले पार्ले पूर्व मुम्बई महाराष्ट्र हालपता- हालपता – फ्लैट 1004 के0 व्लॉक राप्ती अपार्टमेन्ट सेक्टर-4 गोमतीनगर विस्तार लखनऊ उम्र 28 वर्ष (बी0काम0)

67.ध्रुव बकतानी पुत्र मनोज कुमार निवासी- 202 पदमावती एवन्यू नियर जनता सोसाईटी बाटिया कुबेरनगर अहमदाबाद गुजरात Present Address – Flat 1301 10th Tower Omaxe Apartment, Lucknow उम्र 21 वर्ष(बी0काम0)

68.दौलानी विनीत पुत्र सुनील कुमार दौलानी निवासी- ए504 कृष्णा आइकन नियर जय बोले होम्स नाना चिलौढ़ा अहमदाबाद गुजरात Present Address-Flat 1301 10th Tower Omaxe Apartment, उम्र 23 वर्ष(11th)

69. रितेश चौहान पुत्र देवराज सिंह निवासी- 5/569 कामना सेक्टर 4 वसुन्धरा गाजियाबाद हालपता- फ्लैट नं0 सी -103 ओमेक्स पैलेस गोमतीनगर विस्तार लखनऊ उम्र 23 वर्ष(12th),

70. फैसल मो0 इकवाल शेख पुत्र मो0 इकवाल, निवासी भवानी पेठ नवीम हिन्द स्कूल, पूणे महाराष्ट्र- उम्र-31 वर्ष (12th)

71. हर्ष जाधव, पिता तिरज जाधव, निवासी-501, क अवेन्यू विरार उम्र 27 वर्ष, (12th)

72. वी. मालसावमतुवागीं पुत्रवी बियाचुंगा, निवासी – लान्गत्लाई वेंगपुई नार्थ मिजोरम, उम्र – 29 वर्ष (12th)

73. आमिया पुत्र अनिल पता– 1503 एमआई सीएल मीरारोड, मुम्बई उम्र – 23 वर्ष, (12th)

74. मनोज चन्द्रू मिरपुरी पुत्र चंद्रू मिरपुरी, निवासी – सिध्दार्थ अपार्टमेण्ट, रूम न0 4 एमटीएनएल रोड, मीरारोड ईस्ट महाराष्ट्र हालपता- फ्लैट नं0 102 गोल्फ रिट्ज टॉवर, हसन कारवेली थाना सुशान्त गोल्फ सिटी उम्र – 37 वर्ष, स्नातक

75. अक्षिता रतौडी उर्फ नैना, माता दुर्गेश देवी निवासी-चिनी गोदाम रोड भैरो मन्दिर ऋषिकेश उ0ख0, उम्र-25 वर्ष (12th)

76.प्रियंका रविन्द्र सोनावने पुत्र रविन्द्र दौलत सोनावने, निवासी ए2 विंग ओमकार विल्डिंग मलाड ईस्ट, उम्र-25 वर्ष (12th)

77. विरेन बारेकर पुत्र नरेश बारेकर निवासी-रू0न0 3 कान्दीवली ईस्ट. हनुमान नगर मुम्बई उम्र – 29 वर्ष, (12th)

78. सायरस वर्गीश पुत्र एलेक्स वर्गीश, निवासी – बोलिंच पदमावती नगर ऋषभ टावर 105 विवार वेस्ट, उम्र-25 वर्ष ($10^{th}$)

79. पूजा दास पुत्र दिलीप दास, निवासी-301 ए हरेकृष्ण निवास मानपड़ा रोड, डोमबीवली रोड ईस्ट उम्र – 25 वर्ष, (12th)

80. अगनई दे, माता स्वपना निवासी-004 ओमकार अपार्टमेण्ट बोलेंच विरार वेस्ट, उम्र – 22 वर्ष, (12th)

81.जुविटा डिसिल्वा पुत्र जोसेफ डिसिल्वा निवासी – एसएन दुबे रोड ध्यानेश्वर नगर दहिसर इस्ट मुम्बई, उम्र-28 वर्ष (12th)

82-सिमरन टाठे पुत्र हेमन्त राठे निवासी एविंग 301 हरेकृष्ण अपार्टमेण्ट, निवास मानपड़ा रोड, डोमबीवली रोड ईस्ट, हलपता-सरस्वती अपारटमेंट गोमतीनगर लखनऊ, उम्र-18 वर्ष (12th)

83.सपना शर्मा पुत्र विष्नु शर्मा, निवासी बारासात, कालोनी मोर, कोलकाता, उम्र – 26 वर्ष (11 वी)

84.विजेता गुरनानी पुत्र जगदीश गुरनानी निवसी देवलसाम, कुवेर नगर अहमदाबाद गुजरात, उम्र – 24 वर्ष, (12th) हालपता ओमैक्स गोमती नगर लखनऊ।

85.Celiona Syiemlih D/o Bathskhem Syiemlih Address- Umsning Dong District East Khasi Hills Meghalaya, उम्र – 27 वर्ष (10 वीं)

86.जसप्रीत पुत्र रंजीत निवासी 40 वेनी नन्दन स्ट्रीट, वेस्टबंगाल, उम्र-22 वर्ष (12th) हालपता ओमैक्स प्लेस गोमती नगर

87.Karolyn D/O Merry R/O Ribhoi Umsning Madan Meghalay उम्र – 19 वर्ष, (10th)

88.सुस्मिता दत्ता पुत्र स्व0 करूणा दत्ता निवासी – क0न0 – 38 नजारिका घाट सोनापुर आसाम, उम्र – 22 वर्ष (12th)

**89.** रिया लाम्बा पुत्र सान्ता लाम्बा निवासी – उमकडाइट लेन 6 संत क्लेरेट स्कूल शिलांग मोघालय उम्र – 23 वर्ष, (12th)

90. अमनदीप कौर पुत्र परमजीत सिंह, निवासी 402 स्प्रीन्ग ई 1 विश्नजीत अम्बरनाथ ईस्ट थाणे मुमबई, हालपता – राप्ती अपार्टमेण्ट गोमती नगर लखनऊ, उम्र – 20 वर्ष शिक्षा – स्नातक

91. मुस्कान लाम्बा पुत्र रोशन लाम्बा, निवासी टोंकाड्यांग लेन 5 मोमपार्ट शिलांग मेघालय, उम्र 23 वर्ष, (12th)

92. Terisha Magar thapa D/O Kishan Magar/ Ram singh thapa Address Umkadiat Lane 3 Near St. Calaret School Shilong Meghalay उम्र -25 वर्ष, (12th)
93.अप्सरा माता शान्ती निवासी-गनेश नगर हाथी निवासी आसाम उम्र- 20 वर्ष (10th) पास हालपता गोमतीनगर लखनऊ
94. मुस्कान यादव पिता – अरून यादव निवासी – भगतसिंह नगर सुपर मार्केट जयगाँव थाना जयगाँव जनपद अलीपुर द्वार प0 बंगाल उम्र- 22 वर्ष (स्नातक) हालपता गोमतीनगर लखनऊ।
95.सानिका पुत्र नागेश, निवासी-फ्लोर आपनागर मीरारोड ईस्ट मुम्बई, हालपता दयाल पैराडाईज, उम्र-21 वर्ष, (12th)
96.सुस्मिता चक्रवर्ती पति राजीव चक्रवर्ती निवासी सिलचर मोहरपुर वार्ड न0 -16, आसाम, उम्र 28, वर्ष हलपता – गोमती नगर 10 पास, हालपता गोमतीनगर लखनऊ
97.निकीता थापा पुत्री राजन थापा, निवासी-उमकाडाइट मोपाट शिलांग मेघालय, उम्र 25 वर्ष हालपता गोमती नगर, (12th)
98.अंकिता छेत्री पुत्री गंगा छेत्री निवासी लैमुखरा म0सं0 शिलांग मेघालय, उम्र – 25 वर्ष, हाल पता गोमतीनगर, स्नातक
99.एलिस, पिता – जैक, निवासी – गपूर सिविल हास्पीटल कम्पाउण्ड, आसाम उम्र 23 वर्ष हालपता गोमतीनगर, 12 वी पास, हालपता ओमैक्स आर2 लखनऊ
100.स्नेहा अनमोल कासुलडे, पिता अनमोल कासुलडे, निवासी ई 903 दोस्ता ईम्बेरिया, थाणे मुम्बई उम्र– 25 वर्ष स्नातक, तमासा होटल गोमतीनगर लखनऊ
101.रिया थापा, पिता लखन थापा, निवासी 90 आदर्श नगर पडखल पाड़ा, नाला सुपारा ईस्ट, पालघर, महाराष्ट्र उम्र 21 वर्ष (12th), हालपता नियर मांगलिक हासपिटल विपुलखण्ड गोमती नगर
102.विशाल पाण्डेय पुत्र राधेकृष्ण पाण्डेय निवासी ए2 पार्थ हाउसिंह सोसाइटी, कोकोली, रायगढ़, महाराष्ट्र उम्र 32 वर्ष, हाल पता- राप्ती अपार्टमेन्ट एच ब्लाक 303 गोमतीनगर एक्सटेन्शन लखनऊ
103.परेश भट्ट पुत्र दिलीप दयाशंकर भट्ट निवासी 102 बिल्डिंग नंबर 15 महावीर पैलेस पीके रोड बिहाइन्ड इन्दू हास्पिटल मीरा रोड ईस्ट मुम्बई महाराष्ट्र उम्र 48 वर्ष, हाल पता-टावर सी- 103 ओमेक्स द पेलैस सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ
104.राजेश चौकसी पुत्र रमणिकलाल निवासी 99ए भावना टेनामेंट वासणा अहमदाबाद गुजरात उम्र 51 वर्ष, हाल पता- रोहताश प्लमुरिया जे0 ब्लाक फ्लैट नं0 जे0 004 गोमतीनगर
105.वीरेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र गंगा सिंह राजपूत निवासी लेन नंबर9 मधुबन इनक्लेव सहजधारा रोड देहरादून उत्तराखण्ड उम्र 43 वर्ष, हाल पता- 1/42 विवेकखण्ड 01 गोमतीनगर लखनऊ
106.साहिल ओझा पुत्र रवि ओझा निवासी डी 18 टावर ए एन्क्लेव ब्लाक 2 गुवाहाटी असम उम्र 24 वर्ष, हाल पता-डी 14 अमरशहीद पथ अर्जुनगंज लखनऊ
107.राजीव चक्रवर्ती पुत्र अमित चक्रवर्ती निवासी गांव श्रीराम पुर दक्षिण राज्यधरपुर हुबली बंगाल उम्र 29 वर्ष हाल पता- सैन रोज पैराडाइज विपुलखण्ड 05 गोमतीनगर लखनऊ
108.साहिल चौधरी पुत्र बासु चौधरी निवासी लालगनेश आनन्दानगर ब्लाक 2 थाना लालगनेश जिला दिसपुर आसाम उम्र 23 वर्ष हाल पता- डी 14 अमरशहीद पथ अर्जुनगंज लखनऊ
109. निपुन्ज सिंह पुत्र शिवमोहन सिंह निवासी जीरकपुर थाना सेक्टर 4 जिला चण्डीगढ, 2 पता- डी ब्लाक सेक्टर 104 थाना सेक्टर 100 जिला गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 उम्र 22 वर्ष हाल पता-सी-103 ओमेक्स पैलेस गोमतीनगर लखनऊ
110.प्रियांक शाक्य पुत्र महेश कुमार नि0 3 विध्याविहार फेस 3 कारगिल चौक थाना कारगिल चौक देहरादून उम्र 32 वर्ष हाल पता- पार्थ अदयान सोसाइटी 803 अहिमामऊ लखनऊ
111.इशाक पुत्र होक सेमन नि0- नौमिंग साँग थाना नौमिंग साँग जिला शिलांग मेघालय उम्र 29 वर्ष, हाल पता- यमुना अपार्टमेन्ट 504, गोमतीनगर लखनऊ
112.साहिल शर्मा पुत्र शैलेन्द्र शर्मा नि0- वार्ड नं0 21, 145 खरीफाटक रोड विदिशा मध्य प्रदेश उम्र 29 वर्ष हाल पता- टावर सी- 103 ओमेक्स द पेलैस सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ
113.शान्तनु नंदी पुत्र चन्द्रन नंदी नि0- 102 विशप फाल्स रोड रिलवंग थाना बड़ा बाजार जिला ईस्ट काशी हिल्स मेघालय उम्र 34 वर्ष हाल पता-डी 14 अमरशहीद पथ अर्जुनगंज लखनऊ

114.संजय रोहित कुमार देवड़ा पुत्र रोहित कुमार देवड़ा नि0- लक्ष्मीपुरा चाली विजय मिल थाना शहर कोटड़ा जिला अहमदाबाद गुजरात उम्र 36 वर्ष, हाल पता- सेक्टर 06, एमआई रसलपुर गोमतीनगर लखनऊ

115.पारस आर्या पुत्र वृजेन्द्र सिंह आर्या नि0- प्लाट न0-418 पिलर न0- 4 नियर रेलवे क्रासिंग थाना कापाशेरा जिला साउथ वेस्ट दिल्ली उम्र 28 वर्ष हाल पता- ओमेक्स पैलेस सी विंग फ्लैट नं0 103 गोमतीनगर लखनऊ

116.बरसर वुअम पुत्र टी सदप नि0- लावसाव टुन ब्लाक 4 थाना रिलवांग जिला ईस्ट खासी हिल्स मेघालय उम्र 36 वर्ष हाल पता- रूम 504, फ्लैट नं0 06 यमुना अपार्टमेन्ट गोमतीनगर लखनऊ

117.रूबेन थापा पुत्र राम सिंह थापा नि0- उमकाडाइट, थाना नांगमिनसन, जिला शिलांग, मेघालय उम्र 33 वर्ष हाल पता- रूम 504, फ्लैट नं0 06 यमुना अपार्टमेन्ट गोमतीनगर लखनऊ

118.यश हेमन्त पुत्र हेमन्थ थाटे नि0- 301 अ हरे कृष्णा निवास थाना मानपाड़ा जिला थाणे महाराष्ट्र उम्र 28 वर्ष हाल पता- बी-ब्लाक 1003 सरस्वती अपार्टमेन्ट गोमतीनगर लखनऊ

119.गोपाल पिल्लई पुत्र वेंकटेशन नि0- 504 न्यू वापू नगर थाना बापूनगर जिला अहमदाबाद गुजरात उम्र 37 वर्ष हाल पता- ए 203 शालीमानर वन वर्ल्ड विस्टा गोमतीनगर लखनऊ

**11-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**01-साइबर क्राइम सेल कमिश्नरेट लखनऊ**

1. उ0नि0 प्रशान्त कुमार वर्मा
2. उ0नि0 अरविन्द कुमार यादव
3. उ0नि0 सै0 हसन आदिल
4. उ0नि0 राकेश मिश्रा
5. उ0नि0 सुमित चौधरी
6. म0उ0नि0 आरती वर्मा
7. हे0का0 संतोष गौतम
8. हे0का0 अखिलेश पटेल
9. हे0का0 गौरव शुक्ला
10. का0 सनीफ रज़ा
11. का0 जय प्रकाश यादव
12. का0 श्रीकान्त
13. का0 अविनाश वर्मा
14. का0 मो0 आमिर खान
15. का0 जितेन्द्र कुमार

**02-साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट लखनऊ**

1. उ0नि0 प्रशान्त रघुवंशी
2. उ0नि0 ऋषि विवेक
3. उ0नि0 कपिल
4. उ0नि0 रजत कौशिक
5. का0 सचिन यादव
6. का0 वैभव
7. का0 अमरजीत
8. का0 सत्येन्द्र

**03-अपराध शाखा कमिश्नरेट लखनऊ**

1. निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह राठौर
2. निरीक्षक विरेन्द्र त्रिपाठी
3. निरीक्षक दशरथ सिंह
4. निरीक्षक मथुरा राय
5. उ0नि0 महेश दत्त शुक्ला

**04-रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट लखनऊ**

1. उ0नि0 धीरेन्द्र शुक्ला
2. उ0नि0 परशुराम यादव
3. उ0नि0 सिराजुद्दी
4. उ0नि0 अरुण कुमार यादव
5. उ0नि0 कमलेश गौतम
6. म0हे0का0 जूली यादव
7. म0हे0का0 अंजू
8. म0का0 शालिनी कटियार
9. म0का0 लज्जा
10. म0का0 दिव्या सिंह

## 12-साइबर अपराध अपील:-

कमिश्नरेट लखनऊ पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी उपलब्धि है। इस कार्रवाई से एक ऐसे सुव्यवस्थित साइबर नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है, जो आधुनिक तकनीकी संसाधनों का दुरुपयोग कर विदेशी नागरिकों को संगठित रूप से आर्थिक धोखाधड़ी का शिकार बना रहा था। समयबद्ध एवं पेशेवर पुलिस कार्रवाई के परिणामस्वरूप इस नेटवर्क के संचालन में प्रयुक्त महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है, जो विवेचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रकरण में प्राप्त इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों, डिजिटल डाटा एवं तकनीकी तथ्यों का विशेषज्ञों द्वारा गहन विश्लेषण कराया जा रहा है। विवेचना के दौरान प्राप्त प्रत्येक तथ्य के आधार पर इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों, वित्तीय लाभार्थियों, तकनीकी सहयोगियों तथा संभावित अंतर्राज्यीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कड़ियों का पता लगाकर उनके विरुद्ध भी विधि सम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

कमिश्नरेट लखनऊ साइबर अपराधों के विरुद्ध **Zero Tolerance Policy** के तहत पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। भविष्य में भी इस प्रकार के संगठित साइबर अपराधों के विरुद्ध तकनीकी दक्षता, प्रभावी खुफिया सूचना एवं विधिक प्रावधानों का समुचित उपयोग करते हुए कठोर एवं निर्णायक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि नागरिकों का डिजिटल परिवेश अधिक सुरक्षित एवं विश्वासपूर्ण बनाया जा सके।

**सुरक्षित रहें • सतर्क रहें • साइबर अपराध के विरुद्ध जागरूक बनें**

**साइबर क्राइम सेल**
**हजरतगंज कमिश्नरेट लखनऊ**

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-1102**

**दिनांक-02.07.2026**

**लखनऊ पुलिस का सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन व हुड़दंगई के खिलाफ विशेष/ सख़्त अभियान।**

**कुल चेक किये गये स्थान- 256 ,कुल चेक किए गए व्यक्ति- 6974, धारा 34 के अंतर्गत चालान: 1316 व्यक्ति**

- **सभी जोनों के पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में ACPs व थाना प्रभारियों की टीमों द्वारा लगातार चेकिंग अभियान।**
- **पुलिस टीमों द्वारा कुल- 256 स्थान पर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें कुल 6974 व्यक्तियों की चेकिंग की गई।**
- **सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाए जाने पर 1316 व्यक्तियों पर विधिक कार्यवाही/चालान की गई।**
- **संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में ऐसी गतिविधि न करने की कड़ी चेतावनी दी गई।**

**कार्यवाही विवरण-**

**श्रीमान पुलिस आयुक्त लखनऊ महोदय, श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के निर्देशानुसार तथा **श्रीमान संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) महोदय , श्री बबलू कुमार** के पर्यवेक्षण एवं जनपद के **सभी जोनों के** पुलिस उपायुक्त महोदय के नेतृत्व में लखनऊ पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम करने तथा सार्वजनिक शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से दिनांक **01.07.2026 व 30.06.2026 को समय 22.00 बजे से 24.00 बजे तक** विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत **सार्वजनिक स्थानों/दुकानों के बाहर खुले में बैठ कर शराब पीने वाले व्यक्तियों, शराब पीकर हुड़दंग करने वालों, राहगीरों एवं विशेषकर महिलाओं तथा आम जनमानस** के लिए असुविधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों, शराब पीकर सड़क मार्ग एवं दुकनों के सामने अभ्रद व्यवहार/गालीगुप्ता करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई।

अभियान के दौरान **256 स्थानों** पर कुल **6974 व्यक्तियों** की चेकिंग की गई, जिसमें **1316 व्यक्तियों** द्वारा सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पाए जाने पर विधिक धाराओं के अंतर्गत चालान की कार्यवाही की गई। साथ ही सभी को भविष्य में ऐसी हरकत न दोहराने की कड़ी चेतावनी भी दी गई।

इसी क्रम में कमिश्नरेट के सभी जोनों के सहायक पुलिस आयुक्त एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपनी-अपनी पुलिस टीमों के साथ **सार्वजनिक स्थानों—सड़कों, पार्कों, बाजार क्षेत्रों, बस स्टैंड, चौराहों व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थलों** पर गहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

**जोन-वार प्रभावी कार्यवाही का ब्यौरा-**

| जोन | कुल चेक किये गये स्थान | कुल चेक किए गए व्यक्ति | कुल चालान किए गए व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| उत्तरी जोन | 65 | 890 | 156 |
| दक्षिणी जोन | 44 | 1304 | 332 |
| पूर्वी जोन | 39 | 1990 | 294 |
| पश्चिमी जोन | 62 | 1845 | 400 |
| मध्य जोन | 46 | 945 | 134 |
| कुल योग | 256 | 6974 | 1316 |

**पुलिस आयुक्त लखनऊ का संदेश/अपील-**

"आमजन की शिकायतों के दृष्टिगत कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की गई है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और सार्वजनिक स्थलों पर कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध तत्काल एवं सख़्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

लखनऊ पुलिस का उद्देश्य शहर में शांति, सुरक्षा एवं अनुशासित वातावरण सुनिश्चित करना है। आमजन से अपील है कि कानून का पालन करें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हुड़दंगई से दूर रहें।"

—श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर

पुलिस आयुक्त, लखनऊ